**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**05.08.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45 बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में नवनिर्मित कर्तव्य भवन का कल करेंगे उद्घाटन।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की 5 बीघा भूमि नियमितिकरण की नीति को किया खारिज–अगले वर्ष फरवरी तक अवैध कब्जों को हटाने के आदेश।
- राज्य सरकार ने पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन निवेश प्रोत्साहन परिषद की स्थापना को दी मंजूरी।
- सांसद सिकंदर कुमार ने संसद में उठाया हिमाचल में उड़ान योजना के तहत नई हैलीटैक्सी स्थापित करने की योजना का मुद्दा
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा से जनजीवन अस्त–व्यस्त–अगले 12 घंटों के दौरान 6 ज़िलों में वर्षा जारी रहने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**प्रधानमंत्री– कर्तव्य भवन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नवनिर्मित कर्तव्य भवन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। कर्तव्य भवन सेंट्रल विस्टा परियोजना का ही एक हिस्सा है। यह भवन प्रशासनिक प्रक्रियाओं और शासन की सुव्यवस्था के उद्देश्य से भविष्य में निर्मित होने वाले केंद्रीय सचिवालय भवनों में पहला है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि कर्तव्य भवन के निर्माण का उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को साथ लाकर दक्षता, नवाचार और सहयोग को बढावा देना है। वर्तमान में विभिन्न मंत्रालय और विभाग राजधानी दिल्ली के अलग–अलग क्षेत्रों में स्थित है।

**हाईकोर्ट फैसला**

राज्य में 5 बीघा भूमि नियमितिकरण वाली नीति पर प्रदेश हाईकोर्ट ने आज महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय ने 5 बीघा भूमि नियमितिकरण वाली सरकार की नीति को खारिज करते हुए 28 फरवरी 2026 तक सरकारी भूमि से अवैध कब्जों को हटाने के आदेश पारित किए हैं। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश विपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने आज इस मामले की सुनवाई की। उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता अनूप रत्न ने मीडिया से बातचीत के दौरान अदालत के इस फैसले की जानकारी दी।

––बाईट–अनूप रत्न–महाधिवक्ता––

**प्रोत्साहन परिषद**

प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने पर्यटन निवेश प्रोत्साहन परिषद की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने शिमला में बताया कि परिषद 50 करोड़ रुपये और इससे अधिक की निवेश पर्यटन परियोजनाओं के मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए एक समर्पित मंच के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित इस परिषद् को पर्यटन विभाग के अंतर्गत एक निवेश प्रोत्साहन प्रकोष्ठ द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि पर्यटन प्रस्तावों की जांच और अनुमोदन के लिए राज्य–स्तरीय शीर्ष निकाय समयबद्ध तरीके से मासिक बैठकें आयोजित करेगा।

**उत्तराखंड–बादल फटा**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली क्षेत्र में आज बादल फटने से भारी नुकसान का समाचार है। स्थानीय जिला प्रशासन, भारतीय सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल के दल प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है और स्थिति की निगरानी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तरकाशी के धराली में बादल

फटने के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की और स्थिति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने घटना में प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनकी कुशलता की कामना की है।

**इंदु गोस्वामी**

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में चार स्थानों पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा ड्रोन तकनीक के माध्यम से खेतों में खाद का छिड़काव किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस समय देश के 22 राज्यों में एक हजार 94 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ड्रोन तकनीक के उपयोग से खेतों में खाद का छिड़काव किया जा रहा है। रामनाथ ठाकुर ने बताया कि केंद्र द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत वर्ष 2023–24 से दो हजार 25–26 तक एक हजार दो सौ 61 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है।

**सिकंदर कुमार**

केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा है कि क्षेत्रीय सम्पर्क योजना उड़े देश का आम नागरिक के तहत हिमाचल प्रदेश में चार हवाई अड्डों व हैलीपोर्ट शिमला, कुल्लू, रामपुर और मंडी को जोड़ने वाले 32 आर.सी.एस. मार्ग प्रचालनरत कर दिए गए हैं। वे आज संसद में राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री सिकंदर कुमार द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में बोल रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने हाल ही में हिमाचल सहित देशभर में एक सौ 20 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय सम्पर्क बढ़ाने और अगले 10 वर्षों में चार करोड़ यात्रियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संशोधित उड़ान योजना की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में राज्य सरकार के अनुरोध पर भारतीय विमानपतन प्राधिकरण ने मौजूदा गग्गल हवाई अड्डे के विस्तार को लेकर एक प्रस्ताव तैयार किया है जिसके लिए राज्य सरकार से 3 सौ 70 एकड़ भूमि का अनुरोध किया गया है।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मॉनसून की वर्षा का क्रम रुक–रुक कर जारी है और कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश से भूस्खलन व जल भराव की स्थिति बनी है। प्रदेश के कई स्थानों पर नदी–नाले उफान पर हैं और लोगों से सतर्क रहने व प्रशासन के दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता————

***वीओ——— राज्य के विभिन्न ज़िलो में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है और कई स्थानों पर भारी वर्षा से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। किन्नौर जिला के रिब्बा गांव में बाढ़ आने से सेब के बागीचे और भूमि बह गई है जबकि राष्ट्रीय उच्च मार्ग पांच भी अवरूद्ध है। इसके अलावा तांगलिंग नाले में बाढ़ आने से सतलुज नदी भी उफान पर है। राज्य आपदा परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार भारी वर्षा के चलते भूस्खलन से प्रदेश में राष्ट्रीय उच्च मार्ग व 4 सौ 46 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं। इसके अलावा 3 सौ 60 बिजली ट्रांसफार्मर और दो सौ 57 पेयजल परियोजनाएं ठप्प हैं। प्रदेश में इस मॉनसून सीजन के दौरान वर्षा जनित घटनाओं में अभी तक एक सौ 94 लोगों की मृत्यु हो चुकी हैं और 36 लापता हैं। मौसम विभाग ने अगले 12 घंटों के दौरान 6 ज़िलों कुल्लू, कांगड़ा, चंबा, ऊना, मंडी और हमीरपुर ज़िलों में अनेक हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश जबकि एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने किन्नौर व लाहौल स्पीति ज़िलों में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी भी जारी की है।***

***रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।***

**कैलाश यात्रा**

इस बीच खराब मौसम को देखते हुए किन्नर कैलाश यात्रा अगले आदेशों तक अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई है। कल्पा के एसडीएम अमित कल्थाईक ने बताया कि यात्रा पर गए श्रद्धालुओं को मिलिंगखटा और गुफा में ठहराया गया है।

**बलवीर वर्मा**

प्रदेश भाजपा ने सिरमौर ज़िले की रामपुर भारापुर पंचायत में मोटर साईकिल से रेत बजरी ढोने के मामले को उजागर करते हुए प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के आरोप लगाए हैं। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश भाजपा प्रवक्ता और विधायक बलवीर वर्मा ने इस मामले को उजागर करते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि भारापुर पंचायत में स्कूटर और छोटी गाड़ियों में टनों के हिसाब से रेत, बजरी, गटका और सीमेंट ढोने के प्रमाण आर.टी.आई. के माध्यम से मिली सूचना से स्पष्ट हुए हैं।

——बाईट–बलवीर वर्मा——

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में नवनिर्मित कर्तव्य भवन का कल करेंगे उद्घाटन।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की 5 बीघा भूमि नियमितिकरण की नीति को किया खारिज–अगले वर्ष फरवरी तक अवैध कब्जों को हटाने के आदेश।
- राज्य सरकार ने पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन निवेश प्रोत्साहन परिषद की स्थापना को दी मंजूरी।
- सांसद सिकंदर कुमार ने संसद में उठाया हिमाचल में उड़ान योजना के तहत नई हैलीटैक्सी स्थापित करने की योजना का मुद्दा

- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा से जनजीवन अस्त–व्यस्त–अगले 12 घंटों के दौरान 6 ज़िलों में वर्षा जारी रहने की संभावना।

——————————————————